# वार्षिक परीक्षा 2017-2018

## हिन्दी भाषा

**कक्षा : IV**

**समय : 2 घंटे 15 मिनट** **पूर्णांक : 80**

---

**1. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर एक निबंध लिखें।** **[12]**

(क) आप चिड़िया घर घूमने कहाँ, कब व किसके साथ गए थे ? वहाँ आपने क्या-क्या देखा ? विस्तार से वर्णन कीजिए।

(ख) जीवन में प्रतिदिन व्यायाम करना क्यों आवश्यक है ? व्यायाम से शरीर को होने वाले लाभों का वर्णन करते हुए निबन्ध लिखिए।

(ग) बाल-दिवस क्यों मनाया जाता है ? आपने विद्यालय में बाल-दिवस कैसे मनाया ? विस्तार से वर्णन कीजिए।

**2. अपने पिताजी को अपनी वार्षिक परीक्षा की तैयारी के विषय में बताते हुए निजी पत्र लिखिए।** **[10]**

**3. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखें :-**

संसार का प्रत्येक प्राणी परिश्रम करता है। मनुष्य और पशु-पक्षी दिन-रात अपने-अपने कामों में जुटे रहते हैं। परिश्रम से ही मनुष्य ने सभ्य जीवन प्राप्त किया है। परिश्रम द्वारा असंभव भी संभव हो जाता है। जीवन की सफलता परिश्रम करने से ही है। जो लोग परिश्रम छोड़कर भाग्य का सहारा लेते हैं - वे असफल रहते हैं। मनुष्य परिश्रम से ही अपना भाग्य बनाता है। ईश्वर भी परिश्रमी की ही सहायता करता है। परिश्रम शरीर और मन दोनों से किया जाता है। परिश्रम से सुख और समृद्धि प्राप्त होती है अतः हमें निरन्तर परिश्रम करके जीवन को उन्नत करना चाहिए।

प्रश्न (1) जीवन की सफलता किस बात से है ? **[2]**

प्रश्न (2) किस प्रकार के व्यक्ति जीवन में असफल रहते हैं ? **[2]**

प्रश्न (3) हमें परिश्रम क्यों करना चाहिए ? **[3]**

प्रश्न (4) इस गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए। **[1]**

प्रश्न (5) 'परिश्रमी' और 'सभ्य' शब्दों के विलोम लिखिए। (शब्द उतारें) **[2]**

प्रश्न (6) निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए। (शब्द उतारें) **[2]**

परिश्रमी, निरन्तर,

**4. निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए (शब्द उतारें)** **[5]**

संग्राम, गुरु, पुस्तक, रात, बंदर

Downloaded From www.icseboard.org

**5. निम्नलिखित अनेक शब्दों के लिए एक-एक शब्द लिखिए।** **[5]**

(क) गाँव में रहने वाला -

(ख) वर्ष में एक बार होने वाला -

(ग) जिसका कोई सहारा नहीं -

(घ) जो फौज में नौकरी करता है -

(ङ) जहाँ चार रास्ते मिलते हैं -

**6. निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखिए।** **[5]**

(क) नौ-दो ग्यारह होना ।

(ख) मन मारना ।

(ग) पैर चूमना ।

(घ) चल बसना ।

(ङ) खोपड़ी भिनभिनाना ।

**7. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए। (शब्द उतारें)** **[5]**

उपयोगी, देशी, प्राचीन, बीमार, सच्चा

**8. निम्नलिखित शब्दों को शुद्ध कीजिए। (शब्द उतारें)** **[5]**

मुशकिल, हीन्दू, बिमार, किरपा, स्मरन,

**9. निम्नलिखित वाक्यों में क्रिया-विशेषण को रेखांकित कीजिए एवं भेद का नाम लिखिए।** **[9]**

(क) घोड़ा सरपट भाग रहा है ।

(ख) माता जी वहाँ कपड़े धो रही थी ।

(ग) मैं परसों अमेरिका जा रहा हूँ ।

(घ) गिलास में थोड़ा पानी है ।

(ङ) बच्चे जोर-जोर से हँस रहे हैं ।

(च) वह बहुत खाता है ।

Downloaded From www.icseboard.org

**10. निम्नलिखित क्रिया विशेषण शब्दों का अपने वाक्यों में प्रयोग कीजिए।** **[3]**

शान्तिपूर्वक, आस-पास, प्रतिदिन

**11. निर्देशानुसार उत्तर दीजिए :-** **[9]**

(क) नदी पर्वत से निकलती है । (संज्ञा को रेखांकित करके भेद का नाम लिखिए) ।

(ख) चूहा अपने बिल में घुस गया । (लिंग बदलकर वाक्य दुबारा लिखिए) ।

(ग) वहाँ कौआ काँव-काँव कर रहा है । (वचन बदलकर वाक्य दुबारा लिखिए) ।

(घ) पलंग के नीचे कुछ है । (सर्वनाम को रेखांकित करके भेद का नाम लिखिए) ।

(ङ) कुत्ता एक समझदार जानवर है । (विशेषण को रेखांकित करके भेद का नाम लिखिए) ।

(च) हमने आगरा में ताजमहल देखा । (क्रिया को रेखांकित कर भेद का नाम लिखिए) ।

—— x ——

Downloaded From www.icseboard.org